प्रादेशिक समाचार

दिनांक–05.05.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स का किया शुभारंभ, कहा– देश में खेल संस्कृति का उदय इसकी सॉफ्ट पावर को दिखाएगा। ।
2. धनबाद पहुंचे कोयला राज्य मंत्री सतीश दुबे, बोले–2047 तक विकसित भारत बनाना है लक्ष्य। अवैध खनन पर राज्य सरकार को बताया जिम्मेदार, कोयला चोरी पर कड़ी कार्रवाई का दिया आश्वासन।
3. प्रदेश कांग्रेस कल रांची में करेगी संविधान बचाओ रैली का आयोजन; कांग्रेस ने कहा– संविधान की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रहेगा, विपक्ष ने रैली को बताया राजनीतिक नाटक।
4. राज्य के 20 जिलों में तेज हवा, बारिश और वज्रपात का पूर्वानुमान, मौसम विभाग ने किया येलो अलर्ट जारी।
5. झारखंड ने दूसरी सिकोकई ऑल इंडिया कराटे चैंपियनशिप में 19 स्वर्ण पदकों के साथ जीता ओवरऑल चैंपियन का खिताब।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो संदेश के माध्यम से बिहार में खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 का शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने देश में खेलों की संस्कृति विकसित की है और खेलो इंडिया इसका उदाहरण है।

इधर खेलो इंडिया यूथ गेम्स के लिए झारखंड की टीम ने अंडर–18 नेशनल टूर्नामेंट में क्वालीफाई किया है, जिसमें खूंटी के छह खिलाड़ी शामिल हैं। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर झारखंड रग्बी संघ के पदाधिकारियों ने बधाई दी है।

*******************

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कल नई दिल्ली में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद – आईसीएआर द्वारा विकसित भारत की जीनोम संवर्धित चावल की पहली दो किस्में जारी कीं। उन्होंने परियोजना से जुड़े कृषि वैज्ञानिकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह शोध प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प में महत्पूर्ण उपलब्धि साबित होगा। कृषि मंत्री ने कहा कि ये दोनों किस्में न केवल किसानों के लिए बल्कि आम जनता के लिए भी फायदेमंद हैं।

*******************

केंद्रीय कोयला राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ से मुलाकात कर देश की प्रगति में सक्रिय भागीदारी की अपील की। उन्होंने कहा कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है, इसे साकार करना है। कोयला चोरी पर मंत्री ने कहा कि अवैध खनन और परिवहन को रोकना राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। समीक्षा के दौरान सामने आई समस्याओं पर उन्होंने राज्य सरकार के साथ मिलकर समाधान निकालने की बात भी कही।

*******************

भारत का पहला वेव्स सम्मेलन कल मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में संपन्न हो गया। इस चार दिवसीय सम्मेलन के दौरान वेव्स बाजार में एक हजार तीन सौ करोड़ रुपये का कारोबार हुआ।

*******************

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए ने कल भारत के पांच सौ से अधिक शहरों में पांच हजार से अधिक केंद्रों पर राष्ट्रीय पात्रता–सह–प्रवेश परीक्षा–अंडर ग्रेजुएट नीट–यूजी 2025 का सफलतापूर्वक आयोजन किया। रांची जिले के 22 परीक्षा केंद्रों में नीट की परीक्षा आयोजित की गई।

*******************

रांची के पुराने विधानसभा मैदान में प्रदेश कांग्रेस कल संविधान बचाओ रैली का आयोजन करेगी। इस रैली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, केसी वेणुगोपाल, भूपेश बघेल, अलका लांबा सहित कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुंजन सिंह ने बताया कि रैली को लेकर व्यापक तैयारियां की जा रही हैं।

प्रदेश महासचिव अजय सिंह ने जानकारी दी कि भाजपा विपक्ष की आवाज दबाने की साजिश कर रही है, और यह रैली उसका जवाब होगी। उन्होंने कहा कि संविधान बचाने को लेकर पार्टी का संघर्ष लगातार जारी रहेगा।

इधर, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली पर तीखा हमला बोला। रांची में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि कांग्रेस और गांधी परिवार ने कई बार संविधान की अवहेलना की है। उन्होंने आपातकाल, डॉक्टर अंबेडकर के अपमान और झारखंड में डीजीपी पद की रिक्ति जैसे मुद्दों का हवाला देते हुए कांग्रेस पर निशाना साधा।

*******************

सिमडेगा जिले के बोल्वा प्रखण्ड के कादोपानी गांव में जल संचयन को लेकर अभियान की शुरूआत की गई।

*******************

- कोडरमा रेलवे पुलिस ने पुरुषोत्तम एक्सप्रेस में जांच के दौरान सवा दो किलो अफीम के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया। आरपीएफ की टीम ने कोडरमा से सवार होकर कोच में जांच की और कोडरमा–गझंडी के बीच संदिग्ध को पकड़ लिया, आगे की कार्रवाई की जा रही है।
- सरायकेला खरसावां में गंगा सप्तमी के अवसर पर मां गंगा की आरती और पूजन कर धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्वच्छता अभियान का संकल्प लेते हुए भारतीय संस्कृति और जल स्रोतों की रक्षा का संदेश दिया गया।

*******************

मौसम विभाग ने रांची, खूंटी, रामगढ़, बोकारो समेत राज्य के 20 जिलों में आज और कल तेज हवाओं, गरज के साथ बारिश और वज्रपात को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना

*******************

रांची के खेलगांव में आयोजित दूसरी सिकोकई ऑल इंडिया ओपन कराटे चैंपियनशिप में झारखंड ने 19 स्वर्ण पदकों के साथ ओवरऑल चैंपियन का खिताब जीता। सीनियर फीमेल कुमिते– 50 किलो वर्ग में रितिका तिग्गा स्वर्ण पदक जीतकर महिला वर्ग की चैंपियन बनीं, जबकि अश्विनी खलखो ने रजत पदक प्राप्त किया।_झारखंड के इशांत पांडे और अभिराज ने अपने वर्गों में सिल्वर मेडल जीतकर राज्य का मान बढ़ाया।_झारखंड की जयंती सेठी और गायत्री कुमारी ने अंडर–8 फीमेल कुमिते में कांस्य पदक जीते। समापन समारोह में मुख्य अतिथि डॉक्टर देवनीस खेस ने खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए राज्य में खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने की बात कही।

*******************

आईपीएल टी 20 क्रिकेट में कल रात पंजाब किंग्स ने लखनऊ सुपर जायंट्स को 37 रनों से हरा दिया। 237 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए लखनऊ सुपर जायंट्स निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट पर 199 रन ही बना पाई। पंजाब किंग्स के लिए प्रभसिमरन सिंह ने 91 रनों की शानदार पारी खेली। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया।

********************

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां–</u>

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने अलग अलग खबरों को अपनी पहली सुर्खी बनाई है।

रांची एक्सप्रेस ने लिखा है कि लातेहार में नक्सलियों ने जमकर मचाया उत्पाद, आठ गाड़ियों में लगाई आग ।

दैनिक भास्कर लिखता है वक्फ एक्ट में संशोधन का मुस्लिम संगठनों ने किया विरोध, वापस लेने की केंद्र से मांग।

दैनिक जागरण ने निर्धारित समय सीमा के भीतर परियोजनाओं को पूर्ण करें, कोयला खान राज्य मंत्री के इस बयान को प्रमुखता दी है।

प्रभात खबर ने लिखा है रिम्स के जर्जर भवनों में हो रहा इलाज, सता रहा हादसे का खतरा।

हिंदुस्तान की सुर्खी है कड़े पहरे में हुई नीट परीक्षा, चार राज्यों से 11 गिरफ्तार।

********************